C. S. (Main) Exam : 2011

B-DTN-L-IJB

# HISTORY

## Paper II

Time Allowed : Three Hours | Maximum Marks : 300

## INSTRUCTIONS

*Each question is printed both in Hindi and in English.*

*Answers must be written in the medium specified in the Admission Certificate issued to you, which must be stated clearly on the cover of the answer-book in the space provided for the purpose. No marks will be given for the answers written in a medium other than that specified in the Admission Certificate.*

*Candidates should attempt Questions no.* **1** *and* **5** *which are compulsory, and any* **three** *of the remaining questions selecting at least* **one** *question from each Section.*

*The number of marks carried by each question is indicated at the end of the question.*

**ध्यान दें :** अनुदेशों का हिन्दी रूपान्तर इस प्रश्न-पत्र के पिछले पृष्ठ पर छपा है ।

## SECTION A
## (Modern India)

1. Critically evaluate the following statements in about 200 words each : *20×3=60*

   (a) "The need for a unilateral transfer of funds to Britain was a constant factor and, in fact, progressively increased over time."

   (b) "Young Bengal left little distinctive or permanent impression on the plane of religion and philosophy."

   (c) "The emergence of left-wing group in the Congress radicalized its social and economic agenda."

2. (a) "The Charter Act of 1833 rung down the curtain on the Company's trade and introduced a new concept of government in India." Substantiate. *20*

   (b) "Orientalism produced a knowledge of the past to service the needs of the Colonial State." Elucidate. *20*

   (c) "The vernacular press in nineteenth century India served not just as newspapers but more importantly as views-papers." Comment. *20*

## खण्ड क
## (आधुनिक भारत)

1. निम्नलिखित कथनों का समालोचनात्मक मूल्यांकन कीजिए, जो प्रत्येक लगभग 200 शब्दों में हो : *20×3=60*

   (क) "ब्रिटेन को निधियों के एकपक्षीय अंतरण करने की आवश्यकता एक अपरिवर्ती कारक था, और तथ्य तो यह है कि यह कारक समय गुज़रने के साथ-साथ आरोही रूप से बढ़ता चला गया ।"

   (ख) "युवा बंगाल ने धर्म और दर्शन के तल पर न के बराबर सुस्पष्ट या स्थायी छाप छोड़ी थी ।"

   (ग) "कांग्रेस के भीतर वामपंथी समूह के निर्गमन ने उसके सामाजिक और आर्थिक कार्यक्रम को अतिवादी बना दिया था ।"

2. (क) "1833 के चार्टर ऐक्ट ने कंपनी के व्यापार पर परदा डाल दिया था और भारत में सरकार की एक नई संकल्पना का सूत्रपात किया था ।" तथ्यों को प्रस्तुत करते हुए इस कथन को पुष्ट कीजिए । *20*

   (ख) "प्राच्यता (ओरिएंटेलिज़्म) ने औपनिवेशिक राज्य की आवश्यकताओं की पूर्ति करने के लिए भूतकाल के ज्ञान का सृजन किया ।" विस्तारपूर्वक स्पष्ट कीजिए । *20*

   (ग) "उन्नीसवीं शताब्दी के भारत में देशी भाषा प्रेस ने न केवल समाचार-पत्रों के रूप में सेवा की थी, बल्कि इससे भी ज़्यादा महत्त्वपूर्ण रूप से विचार-पत्रों के रूप में सेवा की थी ।" टिप्पणी कीजिए । *20*

3\. (a) "In 1857, the rebel sepoys showed a remarkable centripetal tendency to congregate at Delhi." Do you agree ? Substantiate. *30*

(b) "Tribals revolted more often and far more violently than any other community including peasants in India." Elaborate. *30*

4\. (a) "Nehru's 'temple of Modern India' consisted not only of steel and power plants, irrigation dams, but included institutions of higher learning, particularly in the scientific field." Elaborate. *30*

(b) Would you agree that India's effort to pursue an independent foreign policy was a highlight of post-1947 politics ? *30*

3. (क) "1857 में, विद्रोही सिपाहियों ने दिल्ली में एकत्र होने के लिए, एक उल्लेखनीय अभिकेंद्रीय प्रवृत्ति दर्शाई थी ।" क्या आप इस बात से सहमत हैं ? तर्कों के द्वारा इसको परिपुष्ट कीजिए । *30*

(ख) "भारत में कृषकों सहित किसी भी अन्य समुदाय के मुकाबले, जनजातियों ने अधिक अकसर और कहीं अधिक प्रचंड रूप से विद्रोह किया था ।" विस्तारपूर्वक स्पष्ट कीजिए । *30*

4. (क) "नेहरू के 'आधुनिक भारत का मंदिर' में न केवल इस्पात और बिजली संयंत्र, सिंचाई बाँध ही शामिल थे, बल्कि उसमें उच्च विद्वत्ता की संस्थाएँ भी शामिल थीं, विशेषकर वैज्ञानिक क्षेत्र की ।" विस्तारपूर्वक स्पष्ट कीजिए । *30*

(ख) क्या आप इस बात से सहमत होंगे कि भारत का एक स्वतंत्र विदेश नीति का अनुसरण करने का प्रयास 1947-पश्चात् की राजनीति की एक विशिष्टता थी ? *30*

## SECTION B

## (World History)

5. Critically evaluate the following statements in about 200 words each : *20×3=60*

   (a) "The promptings of the heart are more to be trusted than the logic of the mind." – Rousseau.

   (b) "The peace of Versailles lacked moral validity from the start."

   (c) "The collapse of Berlin Wall in 1989 brought new ideas of co-operation in Europe."

6. (a) "The roots of Chartism are partly political and partly economic." Elaborate. *20*

   (b) "Whoever says Industrial Revolution, says cotton." Comment. *20*

   (c) "By 1914, the sick man of Europe was no longer just Turkey : it was Europe itself." Explain. *20*

7. (a) Explain how American imperialism in Philippines differed with European imperialism in Indonesia and Indo-China. *30*

   (b) How did the policy of appeasement escalate the problem of Nazi aggrandizement ? *30*

## खण्ड ख
## (विश्व इतिहास)

5. निम्नलिखित कथनों का समालोचनात्मक मूल्यांकन कीजिए, जो प्रत्येक लगभग 200 शब्दों में हो : *20×3=60*

   (क) "हृदय की प्रेरणाओं पर मन के तर्क की अपेक्षा अधिक भरोसा किया जाना होता है ।" – रूसो ।

   (ख) "वर्साय की शांति में आरंभ से ही नैतिक मान्यता का अभाव था ।"

   (ग) "1989 में बर्लिन दीवार का विध्वंस यूरोप में सहयोग के नए विचारों को लेकर आया ।"

6. (क) "चार्टरवाद की जड़ें आंशिक रूप से राजनीतिक और आंशिक रूप से आर्थिक हैं ।" इसको विस्तारपूर्वक स्पष्ट कीजिए । *20*

   (ख) "जो भी औद्योगिक क्रांति की बात करता है, वह कपास की ही बात करता है ।" टिप्पणी कीजिए । *20*

   (ग) "1914 तक पहुँचते-पहुँचते, यूरोप का रोगग्रस्त व्यक्ति केवल तुर्की नहीं रह गया था : वह तो स्वयं यूरोप ही था ।" स्पष्ट कीजिए । *20*

7. (क) समझाइए कि फिलीपीन्स में अमरीकी साम्राज्यवाद, इंडोनेशिया और इंडो-चाइना में यूरोपीय साम्राज्यवाद से किन बातों में भिन्न था । *30*

   (ख) तुष्टीकरण की नीति ने नाज़ी विवर्धन की समस्या को किस प्रकार से बढ़ा दिया था ? *30*

8. (a) Would you argue that the Non-Aligned Movement played a crucial role in promoting a climate of peace ? *30*

(b) Examine the challenges confronted by the proponents of European unity after the collapse of Soviet Empire in Eastern Europe. *30*

8. (क) क्या आप यह तर्क देंगे कि निर्गुट आंदोलन ने शांति के वातावरण की प्रोन्नति में एक निर्णायक भूमिका अदा की थी ? 30

(ख) पूर्वी यूरोप में सोवियत साम्राज्य के विध्वंस के पश्चात्, यूरोपीय एकता के प्रस्तावकों के समक्ष आ खड़ी होने वाली चुनौतियों का परीक्षण कीजिए । 30

B-DTN-L-IJB

# इतिहास

## प्रश्न-पत्र II

समय : तीन घण्टे

पूर्णांक : 300

### अनुदेश

*प्रत्येक प्रश्न हिन्दी और अंग्रेजी दोनों में छपा है ।*

*प्रश्नों के उत्तर उसी माध्यम में लिखे जाने चाहिए, जिसका उल्लेख आपके प्रवेश-पत्र में किया गया है, और इस माध्यम का स्पष्ट उल्लेख उत्तर-पुस्तक के मुख-पृष्ठ पर अंकित निर्दिष्ट स्थान पर किया जाना चाहिए । प्रवेश-पत्र पर उल्लिखित माध्यम के अतिरिक्त अन्य किसी माध्यम में लिखे गए उत्तर पर कोई अंक नहीं मिलेंगे ।*

*प्रश्न संख्या* **1** *और* **5** *अनिवार्य हैं । बाकी प्रश्नों में से प्रत्येक खण्ड से कम-से-कम* **एक** *प्रश्न चुनकर किन्हीं* **तीन** *प्रश्नों के उत्तर दीजिए ।*

*प्रत्येक प्रश्न के लिए नियत अंक प्रश्न के अंत में दिए गए हैं ।*

---

**Note :** *English version of the Instructions is printed on the front cover of this question paper.*